भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3432 जिसका उत्तर
शुक्रवार, 7 अगस्त, 2026/16 श्रावण, 1948 (शक) को दिया जाना है

नदी आधारित पर्यटन का विकास

†3432. श्री वामसि कृष्णा गद्दाम :

क्या पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार धर्मपुरी और उसके आस-पास के क्षेत्रों में गोदावरी से जुड़े क्षेत्रों में नदी आधारित पर्यटन, नौका सुरक्षा उपायों और अंतर्देशीय जल परिवहन सुविधाओं के विकास की व्यवहार्यता की जांच करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार उक्त क्षेत्र में सुरक्षित जेटी, विनियमित फेरी प्वाइंट, लाइफ जैकेट, बचाव प्रणाली और नदी तट सुविधाएं विकसित करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या प्रस्तावित पहलों से पर्यटन, तीर्थयात्रा और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिलने की संभावना है;

(घ) क्या सरकार उनके कार्यान्वयन के लिए पर्यटन मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय और राज्य सरकार के साथ समन्वय करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई व्यवहार्यता अध्ययन कराया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और क्या इसके लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (ङ): सरकार ने आंध्र प्रदेश में पर्यटन, तीर्थयात्रा और स्थानीय आजीविका को बढ़ावा देने के लिए रोल ऑन-रोल ऑफ (रो-रो) टर्मिनल, फ्लोटिंग जेट्टियों और स्टील पोंटून विकसित किया हैं। भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (आईडब्लूएआई) पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत एक स्वायत्त संगठन ने रो-रो आवाजाही को

सुविधाजनक बनाने के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग (रा. ज.)-4 (कृष्णा नदी) में मुक्तायला पर एक रो-रो टर्मिनल का निर्माण किया हैं। आईडब्ल्यूएआई ने पर्यटन गतिविधियों को सुगम बनाने के लिए वर्ष 2024 के दौरान आंध्र प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एपीटीडीसी) को 04 फ्लोटिंग जेट्टियों निर्मित और सौंपी हैं। इसके अतिरिक्त, आंध्र प्रदेश में हरीशचंद्रपुरम पर रो-रो टर्मिनल के निर्माण का कार्य और कृष्णा नदी (रा.ज.-4) के तेलंगाना क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 3 फ्लोटिंग स्टील पोंटून की आपूर्ति और संस्थापना का कार्य शुरू किया गया है। आईडब्लूएआई ने रा.ज.-4 के विकास के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अद्यतन का कार्य सौंपा है, जिसमें मार्च, 2027 तक लक्षित पूर्णता के साथ अंतर्देशीय जल परिवहन सुविधाओं के विकास की रूपरेखा तैयार करने के लिए धर्मपुरी और निकटवर्ती क्षेत्रों के पास गोदावरी नदी क्षेत्रों को शामिल किया गया है। डीपीआर के परिणाम और सिफारिशों के अनुसार, आगे की कार्रवाई की जाएगी।

*****